**17/07/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के नौवें संस्करण के पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर ने लगातार आठवें साल भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इसी के तहत सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छता विकसित भारत 2047 के विजन का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू है और देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। अपने बिहार दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोतिहारी में सात हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये परियोजनाएँ रेलवे, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से संबंधित हैं। वह चार नई अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। श्री मोदी दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहार के लगभग 61 हज़ार 500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ रुपये भी जारी करेंगे।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज अपने कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे कर लिए हैं। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांडू को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से निर्देशित उनका दूरदर्शी, समावेशी और पारदर्शी नेतृत्व अरुणाचल प्रदेश की परिवर्तनकारी यात्रा की प्रेरक शक्ति रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकसित अरुणाचल प्रदेश के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज ईस्ट कामेंग ज़िले के वाते गाँव में मल्टीपर्पज़ हॉल का उद्घाटन किया। श्री नटुंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह हॉल वाते गाँव एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए बैठकों और सामाजिक-सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र बनेगा। उद्घाटन समारोह में ZPM वाते, ZPM पापु वैली, ज़िला प्रशासन, HOD’s और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

0000000000000000000000

एक अन्य कार्यक्रम के तहत कल गृह की अध्यक्षता में ईस्ट कामेंग ज़िले के लुमदुंग में लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की पहली राज्य-स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक-सह-लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री के सलाहकार, पानी ताराम एवं अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर श्री नातुंग ने जनता तक आवश्यक सेवाएँ पहुँचाने में लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत 100% घरेलू नल जल कनेक्शन प्रदान करने वाला पूर्वोत्तर क्षेत्र का पहला विभाग बनने पर विभाग को बधाई भी दी।

0000000000000000000000

असम राइफल्स ने चांगलांग ज़िले के मियाओ-विजयनगर के तहत एमएस 38 एरिया में तलाशी अभियान के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का एक जाखीरा बरामद किया है। तलाशी के दौरान छह हथियार बरामद हुए, जिनमें दो एके-सीरीज़ राइफल्स, एक लेथोड, एक अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर, एक स्थानीय रूप से निर्मित 7.62 एमएम राइफल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं। आगे की जाँच अभी जारी है।

0000000000000000000000

लेपा रादा जिले के तिरबीन की रहने वाली चाकबी लोंबी का चयन नई दिल्ली स्थित प्रतिस्थित राष्ट्रीय नाट्य विध्यालय में किया गया है। इस संस्थान में दाखिले के लिए, सुश्री लोंबी ने 450 फ़ाइनेलिस्ट में चौथा रेंक हासिल किया है, जो पर्फ़ोर्मिंग आर्ट में उनकी समर्पण को दर्शाता है।

0000000000000000000000

पैरा एथलीट किपा मेरो विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले अरुणाचली बन गए हैं। मेरो ने हाल ही में बेंगलुरु में संपन्न 7वीं अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलीन थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना स्थान पक्का किया।

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 12वां संस्करण आगामी 27 सितंबर से अगले साल 5 अक्टूबर तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 7 जिलों ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, अपर सियांग, ईस्ट सियांग और अंजाव के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने की सभावना है।

0000000000000000000000

भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणाली "आकाश प्राइम" का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण पूर्वी लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक की ऊँचाई पर किया गया। दो दिवसीय यह परीक्षण सेना वायु रक्षा द्वारा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर किया गया। आकाश प्राइम प्रणाली भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट का गठन करेगी।

0000000000000000000000

नीलगिरि श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट्स का प्रमुख जहाज, आईएनएस नीलगिरि, कल पहली बार चेन्नई बंदरगाह के लिए रवाना हुआ।

प्रोजेक्ट 17A के तहत स्वदेश निर्मित, आईएनएस नीलगिरि जहाज निर्माण और समुद्री क्षमताओं में भारत की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। यह जहाज अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस है, जो भारतीय नौसेना की संचालन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है।

0000000000000000000000